## लिखित

1. किसने, किससे कहा? ✓ निशान लगाकर बताइए–

(क) "आज मैं अपनी दोस्त अलका के घर गई थी।"

रानी ने माँ से ☐ माँ ने रानी से ☐

(ख) "अलका के खिलौने कहाँ रखे थे?"

माँ ने रानी से ☐ रानी ने माँ से ☐

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर में ✓ निशान लगाइए–

(क) अलका ने खिलौने कहाँ रखे थे?

अलमारी में ☐ बिस्तर पर ☐ ज़मीन पर ☐

(ख) रानी ने किसकी मदद से अपने कमरे को सुंदर बनाया?

चिड़िया की ☐ दोस्त की ☐ माँ की ☐

(ग) जब रानी के कमरे में चीज़ें बिखरी थीं तब चिड़िया आती, तो क्या कहना चाहती?

अहा! सुंदर कमरा ☐ छिः! गंदा कमरा ☐ इनमें से कोई नहीं ☐

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) रानी क्यों गुमसुम बैठी थी?

(ख) रानी का कमरा क्यों सुंदर नहीं लग रहा था?

(ग) रानी ने अपने कमरे को कैसे सुंदर बनाया?

## पाठ से आगे

### आपकी सोच-समझ

- हमें अपने कमरे को साफ़-सुथरा क्यों रखना चाहिए?

कल्पना कीजिए

- रानी का सुंदर कमरा देखकर चिड़िया उससे क्या कहना चाहती होगी?

भाषा की दुनिया

## विराम-चिह्न, विशेषण-विशेष्य

1. वाक्य पूरा होने पर **पूर्ण विराम** (।) तथा प्रश्न पूछने पर **प्रश्न चिह्न** (?) लगाते हैं। **दिए गए बॉक्स में पूर्ण विराम (।) या प्रश्न चिह्न (?) लगाइए–**

(क) रानी गुमसुम कमरे में बैठी थी [।]

(ख) क्या हुआ रानी [?]

(ग) खिलौने अलमारी में रखे थे [।]

(घ) इन सब चीज़ों को मैं कहाँ रखूँ [?]

(ङ) रानी का कमरा जगमगा गया [।]

2. विशेषण जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें **विशेष्य** कहते हैं; जैसे– रंगीन (विशेषण) **परदे** (विशेष्य)। **पाठ के आधार पर दिए गए विशेषण शब्दों का विशेष्य शब्द से मिलान कीजिए–**

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| दो | चादर |
| सारे | अलमारियाँ |
| नई | खिलौने |
| रंग-बिरंगी | कमरा |
| सुंदर | हवा |
| शुद्ध | चिड़िया |

| | | |
|---|---|---|
| **गुमसुम** – चुपचाप | **अचानक** – एकाएक | **सुंदर** – खूबसूरत |
| **शुद्ध** – साफ़ | **मदद** – सहायता | **बिखरी** – फैली |